संदर्भ सं.: आईआरडीएआई/आईएनटी/सीआईआर/डीजीएलकेआर/030/02/2021
Ref No.: IRDAI/INT/CIR/DGLKR/030/02/2021 दिनांक/Date: 09.02.2021

**परिपत्र**
**Circular**

प्रति / To,
जीआईसी रे, एफआरबी और लायड'स (इण्डिया) के सिवाय सभी बीमाकर्ता
All Insurers excluding GIC Re, FRBs and Lloyd's (India)

**विषय: डिजीलॉकर के माध्यम से बीमा कंपनियों द्वारा डिजिटल बीमा पॉलिसियाँ जारी करना**
**Re: Issuance of digital insurance policies by insurance companies via Digilocker**

डिजिलॉकर, भारत सरकार द्वारा डिजिटल भारत कार्यक्रम के अंतर्गत एक पहल है, जहाँ नागरिक इन प्रमाण-पत्रों को मूल जारीकर्ताओं से डिजिटल प्रारूप में प्रामाणिक दस्तावेज/प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। इसका उद्देश्य भौतिक दस्तावेजों के इस्तेमाल को समाप्त करना या न्यूनतम करना है और सेवा सुपुर्दगी के प्रभावशीलता को बढाना, परेशानीरहित और नागरिकों के लिए सहज बनाना है।
Digilocker is an initiative under the Digital India program by the Government of India where citizens can get authentic documents/ certificate in digital format from original issuers of these certificates. It aims at eliminating or minimising the use of physical documents and will enhance effectiveness of service delivery, making these hassle free and friendly for the citizens.

2. बीमा क्षेत्र में डिजिलॉकर लागतों में कमी लायेगा, पॉलिसी की प्रति के न मिलने से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों को समाप्त करने, बीमा सेवाओं में आमूलचूल सुधार, दावों के त्वरित संसाधन और निपटान, विवादों में कमी, धोखाधड़ी में कमी और ग्राहक से संपर्क करने की क्षमता में सुधार लाएगा। समग्र रूप से, यह आशा की जाती है कि यह ग्राहक के अनुभव को बेहतर बनाने की राह प्रशस्त करेगा।
In the insurance sector, Digilocker will drive reduction in costs, elimination of customer complaints relating to non-delivery of policy copy, improved turnaround time of insurance services, faster claims processing and settlement, reduction in disputes, reduction in fraud and improvement in customer contactability. On the whole it is expected that it will lead to better customer experience.

3. बीमा क्षेत्र में डिजिलॉकर को अपनाये जाने को प्रोत्साहित करने के लिए प्राधिकरण सभी बीमाकर्ताओं को परामर्श देता है कि वे सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियों को इस लायक बनाये कि वे डिजिलॉकर सुविधा के साथ परस्पर तालमेल द्वारा पॉलिसी धारकों को, डिजिलॉकर का इस्तेमाल कर अपने सभी पॉलिसी दस्तावेजों को संभाल कर रख सकने योग्य बनाये।
In order to promote the adoption of Digilocker in the insurance sector, the Authority advises all insurers to enable their IT systems to interact with Digilocker facility to enable policy holders to use Digilocker for preserving all their policy documents.

4. बीमाकर्ताओं को अपने खुदरा पॉलिसी धारकों को डिजिलॉकर और उसके इस्तेमाल के बारे में बताना चाहिए। बीमाकर्ताओं को यह भी सलाह दी जाती है कि वे इस प्रक्रिया को इतना सक्षम बनायें कि पॉलिसी धारक अपनी पॉलिसियाँ डिजिलॉकर में रख सकें।
The insurers should inform their retail policy holders about Digilocker and how to use it. Insurers are also advised to enable the process by which the policy holders can place their policies in the digilocker.

5. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत एनईजीडी (राष्ट्रीय ई-गवर्नेन्स संभाग) में डिजिलॉकर दल, डिजिलॉकर को अपनाने को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन और प्रचालन-तन्त्र सहयोग उपलब्ध करायेगा। एनईजीडी में विशेषज्ञों के संपर्क-विवरण और ज्ञानप्राप्ति दस्तावेज संक्षिप्त रूप में संलग्न है।
Digilocker team in NeGD (National e-Governance Division) under Ministry of Electronics and Information Technology shall provide necessary technical guidance and logistic support to facilitate adoption of Digilocker. A brief for on-boarding documents and contact details of resource persons in NeGD is annexed.

**हस्ताक्षरित / Sd/-**
**टी.एल. अलमेलू / T.L. Alamelu**
**सदस्य (वितरण) / Member (Distribution)**

Annexure-I

**Implementation of DigiLocker in Government Departments for Citizen Centric Services**

This shall be applicable to all Ministries, Departments their attached and subordinate organizations / Autonomous/statutory bodies, Government agencies, educational institutions etc. which would use DigiLocker as an issuer, requester and verifier (known as subscriber).

Departments concerned shall register themselves as mentioned below and may refer the technical documents for the integration of their services with DigiLocker.

1. **Registration**: Authorized officials have to visit the 'Partner portal' of DigiLocker (url:https://partners.digilocker.gov.in) and register as an Issuer, requester or verifier.
2. **Technical resource for integration**: API specification documents are available at below link:

   https://digilocker.gov.in/resource-center.html

3. **For any Technical support/ guidance please write to us:**

   partners@digitallocker.gov.in

4. **You may contact below mentioned officials for escalation**:

   Level-1
   Sh. Durgaprasad Dash,
   Addl. General Manager,
   email: durga@digitalindia.gov.in

   Level-2
   Sh. Debabrata Nayak,
   Project Director, NeGD
   email: dnayak@digitalindia.gov.in